न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 246/2021

फूलाराम सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी, जाति माली, मोतीसिंह की ढाणी, जांगिड मंगल भवन के पास, वार्ड न0 51, बगड रोड, झुंझुनूं

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) झुंझुनूं।

— —

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 08.12.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 24.11.2021 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 246/2021 पर दिनांक 24.11.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/3696–3697 दिनांक 24.11.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय/सू0अ0/21/2118 दिनांक 29.11.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी फूलाराम सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी, जाति माली, मोतीसिंह की ढाणी, जांगिड मंगल भवन के पास, वार्ड न0 51, झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 28.09.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4) (5) न्याय/सू0अ0/09/381 दिनांक 01.10.2021 के द्वारा प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं एवं प्रभारी अधिकारी सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग कलेक्ट्रेट झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 4762–63 दिनांक 08.10.2021 के द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस कार्यालय के पत्र कमांक 3646 दिनांक 28.10.2020 के द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार झुंझुनूं को भिजवाया गया है एवं प्रभारी अधिकारी सर्तकता अनुभाग कलेक्ट्रेट झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 2099 दिनांक 12.10.2021 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित करते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु इस कार्यालय के पत्र कमांक 1690 दिनांक 06.09.2021 के द्वारा तहसीलदार झुंझुनूं को पत्र भिजवाया जा चुका है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय/सू0अ0/21/2118 दिनांक 29.11.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी फूलाराम सैनी पुत्र भंवरलाल सैनी, जाति माली, मोतीसिंह की ढाणी, जांगिड मंगल भवन के पास, वार्ड न0 51, झुंझुनूं का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 28.09.2021 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/09/381 दिनांक 01.10.2021 के द्वारा प्रभारी अधिकारी राजस्व

अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं एवं प्रभारी अधिकारी सर्तकता अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व अनुभाग कलेक्ट्रेट झुंझुनूं ने अपने पत्र क्रमांक 4762–63 दिनांक 08.10.2021 के द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक 3646 दिनांक 28.10.2020 के द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार झुंझुनूं को भिजवाया गया है एवं प्रभारी अधिकारी सर्तकता अनुभाग कलेक्ट्रेट झुंझुनूं ने अपने पत्र क्रमांक 2099 दिनांक 12.10.2021 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित करते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु उनके कार्यालय के पत्र क्रमांक 1690 दिनांक 06.09.2021 के द्वारा तहसीलदार झुंझुनूं को पत्र भिजवाया जा चुका है। चूंकि प्रार्थी को तहसीलदार झुंझुनूं से सूचना प्राप्त नही हुई है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार झुंझुनूं को आदेश दिये जाते है कि चाही गई सूचना प्रार्थी को 7 दिवस मे निःशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 08.12.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुंझुनूं